विज्ञान दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

सवाई माधोपुर 1 मार्च। शहीद कैप्टन रिपुदमन सिंह राजकीय महाविद्यालय सवाई माधोपुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के निर्देशानुसार 28 फरवरी से 1 मार्च तक दो दिवस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसके अंतर्गत आज 1 मार्च को ग्लोबल साइंस फॉर ग्लोबल वेलबिंग थीम पर स्लोगन प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन के विभिन्न पहलुओं में तार्किक एवं वैज्ञानिक विश्लेषण करने पर बल दिया। इन्होंने बताया कि रमन इफेक्ट की खोज से देश का मान बढ़ा है। कार्यक्रम के समन्वयक रामलाल बैरवा एवं डॉ दिनेश चंद्र शर्मा ने सर सी वी रमन के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। 'ऑप्टिक्स' के क्षेत्र में उनके योगदान के लिये वर्ष 1924 में रमन को लंदन की 'रॉयल सोसाइटी' का सदस्य बनाया गया। समिति के सह संयोजक डॉ रोमिला करनावट एवं डॉ प्रेम सोनवाल ने विद्यार्थियों को विश्व स्तर पर भारतीय वैज्ञानिकों जिनमें एपीजे अब्दुल कलाम, होमी जे भाभा, मेघनाथ साहा, श्रीनिवासा रामानुजन, आर्यभट्ट, हरगोविंद खुराना आदि द्वारा की गई विभिन्न खोजे व उपलब्धियां बताई जिनके द्वारा मानव जीवन सरल व सहज हुआ। आज की प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह ने सर सी वी रमन की तसवीर पर माल्यार्पण कर किया। आज कार्यक्रम में संकाय सदस्य डॉ उषा पिल्लई, मीठा लाल मीना, धनराज मीना, प्रशांत राव, छात्रसंघ के सांस्.तिक सचिव सुरेन्द्र चौधरी एवं कई विद्यार्थी उपस्थित रहे। स्लोगन प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ पांचाली शर्मा, डॉ लखपत मीना, मनीषा शर्मा एवं मोनीषा मीना के निर्णय के अनुसार प्रथम स्थान पर हनीफ खान द्वितीय स्थान पर टीना सेवलिया एवं तृतीय स्थान पर अंगुरी मथुरिया रही। वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ दीपक शर्मा, प्रशांत राव एवं कुंजी लाल मीना के निर्णय के अनुसार प्रथम स्थान पर हनीफ खान द्वितीय स्थान पर खुशी शर्मा एवं तृतीय स्थान पर पम्मी शर्मा रही।

कल्याण	-	-
मेन बाजार	-	-